अगर मां ना होती

जमाने में ममता की कीमत न होती,
अगर मां न होती अगर मां न होती,
बच्चों के जीवन में खुशियां न होती,
अगर मां न होती अगर मां न होती....

दुनियां में ममता की पहचान मां है,
मां से ही पैदा ये सारा जहां है,
मानव के जीवन की जलती न ज्योति,
अगर मां न होती अगर मां न होती......

नौ मास अपने उदर में छुपाया,
लगाकर कलेजे से दूध पिलाया,
सुखे में सुलाकर खुद,सूखे में सोती,
अगर मां न होती अगर मां न होती.....

गमे हाल दिल का कहे हम तो मां से,
करेंगे न शिकवा कभी झूठे जहां से,
बच्चो के दिल में मां की धड़कन न होती,
अगर मां न होती अगर मां न होती,
जमाने में ममता की कीमत न होती,
अगर मां न होती अगर मां न होती......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31736/title/agar-maa-na-hoti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |